डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी के वृत्तचित्र उत्सव का तीसरा दिन

महेश एलकुँचवार एवं पद्मा सचदेव पर दिखाए गए वृत्तचित्र

नई दिल्ली। 13 जून 2018। साहित्य अकादेमी द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं के महत्त्वपूर्ण लेखकों पर बनाए गए वृत्तचित्रों के उत्सव के दूसरे दिन आज सायं 5.00 बजे प्रख्यात मराठी नाट्य लेखक महेश एलकुँचवार पर वृत्तचित्र प्रदर्शित किया गया। वृत्तचित्र का निर्देशन श्री मोहित तकालकर ने किया था।

इस उत्सव में दूसरा वृत्तचित्र प्रख्यात डोगरी एवं हिंदी लेखिका पद्मा सचदेव पर प्रदर्शित किया गया। इस वृत्तचित्र का निर्देशन सुश्री उमा वासुदेव ने किया है। इस अवसर पर पद्मा सचदेव स्वयं उपस्थित थीं। फिल्म के अंत में उन्होंने उपस्थित दर्शकों के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। वृत्तचित्र की निर्देशिका उमा वासुदेव ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उत्सव के दौरान भारी संख्या में साहित्यकार, लेखक, पत्रकार एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी संपादक अनुपम तिवारी ने किया।

कल 14 जून को सायं 5.00 बजे प्रख्यात उर्दू आलोचक एवं विद्वान गोपीचंद नारंग और प्रख्यात हिंदी कथाकार गोविंद मिश्र पर साहित्य अकादेमी द्वारा निर्मित वृत्तचित्र दिखाए जाएँगे। श्रोताओं के साथ बातचीत के लिए गोविंद मिश्र उपस्थित रहेंगे।

ह./–

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in